रंजनाकांति ने उठाया समाज सेवा का बीड़ा

नई दिल्ली, संवाददाता। समाज में रह कर दूसरों की भलाई करने की तो सभी सोचते हैं लेकिन बहुत कम लोग ही होते हैं जो अपने कार्यों की बदौलत बेहद ही खास बन जाते हैं। कुछ इसी प्रकार समाज सेवा के क्षेत्र में जुडा रंजना कांति का नाम जनमानस की भलाई के लिए सदैव ही तैयार रहता है । समाज सेवा का जो बीड़ा कुछ समय पूर्व उन्होंने उठाया उसमें वह खुद तो जुड़ी हीं साथ ही अन्य लोगों को भी इस ओर प्ररित किया। सामज के प्रति सर्मपण की भावना को लेते हुए उन्होंने बीते वर्ष अपने आंदोलन को इंडिया रिफाइंड नाम दिया जिससे आज 40 हजार लोग जुड चुके हैं और धीरे-धीरे संचार के माध्यमों की बदौलत इस आंदोलन का हिस्सा बनते चले जा रहे हैं। अमर भारती को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि लोगों को उनके अधिकार और जीवन स्तर में सुधार के विषय में हमेशा प्रे. रित करते रहना उनके जीवन का लक्ष्य है। रंजना ने बताया कि उन्होंने अपने अभियान में छह सूत्रीय कार्यक्रम को बनाया है जिसमें उन्होंने देश को स्वच्छ , हरा-भरा, स्वस्थ, जागरूक, समृद्ध और खुशहाल बनाने का सपना देखा है, और आम आदमी तक उसे पहुंचाने प्रयास भी कर रही हैं।